# जय महाकाली पावावाली | By Mukesh Bagda |

जय महाकाली पावावाली
सारे जग की तू रखवाली
तेरे दर पे आने का सजदा करूँ
तेरी याद माँ मुझको आने लगी

दूर-दूर से सेवक तेरे पावागढ़ में आते हैं
रोते-रोते आते हैं और हँसते-हँसते जाते हैं
निशदिन नाम तेरा मैं भी जपूँ
तेरी याद माँ मुझको आने लगी

मैंने सुना माँ पावावाली झोली सबकी भरती है
अपने भक्तों की महाकाली आशा पूरी करती है
अपने मन की बात मैं कहने चला
तेरी याद माँ मुझको आने लगी

तेरे पावन छोड़ कर और कहाँ मैं जाऊँ माँ
तेरी बाहों में छुप जाऊँ, गोदी में सो जाऊँ माँ
तेरे मुखड़े को मैया तकता रहूँ
तेरी याद माँ मुझको आने लगी

जय महाकाली पावावली
सारे जग की तू रखवाली
तेरे दर पे आने का सजदा करूँ
तेरी याद माँ मुझको आने लगी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%aa%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-by-mukesh-bagda/